D.O No. I.M/H.R.Y/2016/232

Vipul Goel

Industries & Commerce, Industrial Training and Environment Minister, Haryana, Chandigarh.

Dated : 11-11-2016

प्रिय श्री त्यागी जी,

आशा है आप स्वस्थ और प्रसन्न होंगे। सर्वप्रथम मैं आपको दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति का दायित्व ग्रहण करने पर बधाई देता हूँ। दिल्ली विश्वविद्यालय भारतवर्ष के श्रेष्ठतम शिक्षण संस्थानों में अग्रणी स्थान रखता है जिसमें शिक्षण और शोध के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित हुए हैं। मुझे पूरी आशा है कि आपके नेतृत्व में दिल्ली विश्वविद्यालय सफलता के नए आयाम बनाएगा।

मुझे यह जानकर बहुत सुखद अनुभव हुआ है कि विश्वविद्यालय की पहल जिसमें स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षाओं को अखिल भारतीय स्तर का स्वरूप दिया गया है तथा स्नातक प्रवेश को पूरी तरह ऑन-लाइन करने का सफल प्रयोग किया। इसके लिए आप बधाई के पात्र हैं और आशा करता हूँ कि आप विश्वविद्यालय को नई ऊँचाइयों पर ले जाएंगे। उम्मीद है कि आपके संरक्षण में दिल्ली विश्वविद्यालय नई संभावनाओं को लगातार विस्तार देते रहने के लिए भी प्रतिबद्ध रहेगा।

आपको विदित होगा कि हरियाणा राज्य का अधिकतर भूभाग राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पड़ता है तथा इस क्षेत्र से विद्यार्थी दिल्ली विश्वविद्यालय तथा इससे एफिलिऐटिड कालेजों में दाखिला लेने के लिए लालायित रहते हैं और दिल्ली विश्वविद्यालय की जो मेरिट होती है वह काफी हद तक बढ़ जाती है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दाखिला लेने के उपरान्त बच्चों को विश्वविद्यालय में आने-जाने के लिए २-३ घन्टे का समय लगता है। यदि गुरूग्राम, फरीदाबाद तथा सोनीपत में दिल्ली विश्वविद्यालय के एफिलिऐटिड शिक्षण संस्थान खोले जाते हैं तो इससे छात्र-छात्राओं के आने-जाने के समय में बचत होगी तथा दिल्ली विश्वविद्यालय की जो हाई मेरिट जाती है उसमें भी कमी आएगी। अतः इन क्षेत्रों में दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षण संस्थान जिनमें डिग्री कालेज/लॉ कॉलेज/ बी.बी.ए. तथा एम.बी.ए. के पाठ्यक्रम चलाने की व्यवस्था हो, खोलने की व्यवस्था करें। इनमें भी डिग्री कॉलेज खोलने को प्राथमिकता दी जाए। यदि फरीदाबाद शहर में ऐसा शिक्षण संस्थान खोला जाता है तो हम उसके लिए दस एकड़ भूमि एवं हर सम्भव मदद देने के लिए तत्पर हैं। इसके अतिरिक्त मैं यह भी चाहूँगा कि फरीदाबाद में शिक्षण संस्थान खोलने उपरान्त फरीदाबाद के जो विद्यार्थी होंगे उनके लिए दाखिले में विशेष कोटा भी निर्धारित किया जाए।

आशा है दिल्ली विश्वविद्यालय इस प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार करके अपने निर्णय से अवगत कराएगा।

शुभकामनाओं सहित।

आपका
विपुल गोयल
(विपुल गोयल)

श्री योगेश कुमार त्यागी
उप कुलपति,
दिल्ली विश्वविद्यालय
दिल्ली-110007